तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### पंजीकृत खिलाड़ी हो सकेंगे शामिल

**मनेन्द्रगढ़।** जिला क्रिकेट संघ कोरिया ने घोषित किए ट्रायल की तिथियां केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही हो सकेंगे शामिल। इसमें सफेद ड्रेस व किट लाना अनिवार्य है। जिला क्रिकेट संघ कोरिया ने सत्र 2026-2027 के लिए पुरुष वर्ग के ट्रायल कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। ट्रायल अंडर-14, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग में होंगे। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि केवल वहीं खिलाड़ी ट्रायल में शामिल हो पाएंगे।

### नगर सैनिक भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी

**बैकुण्ठपुर।** नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिक छात्रावास ड्यूटी तथा 500 नगर सैनिकों जनरल ड्यूटी के रिक्त पदों पर भर्ती कार्रवाई की गई थी, जिसका परिणाम जारी हो गया है। अभ्यर्थी उक्त भर्ती परिणाम विभागीय वेबसाइट एचटीटीपीएसः //डब्लूडब्लूडब्लू डॉट सी जी एच जीसीडी डॉट जीओवी डॉट इन एवं एचटीटीपीएसः//फायरएनओसी डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन के लिंक पर जाकर देख सकते हैं।

### जनदर्शन में 18 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 19 अगस्त को कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए।

### जेम पोर्टल पर आधारित कार्यशाला 22 को

**बैकुण्ठपुर।** महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैकुंठपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार रजत जयंती 2025 के अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा जेम पोर्टल आधारित कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 22 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत कोरिया के सभाकक्ष में आयोजित होगी। इसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी तथा एमएसएमई (टरटए) विक्रेता शामिल होंगे। समस्त विभाग प्रमुखों एवं एमएसएमई विक्रेताओं से कार्यशाला में समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### दिन दहाड़े घर से चोर ले उड़े जेवर व सामान

**अम्बिकापुर।** सरगवां मझलीपारा स्थित एक घर में दिन दहाड़े दाखिल होकर चोरों ने सोने चांदी के जेवर एवं सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सरगवां मझलीपारा निवासी विशाल विश्वास आ. कबीर विश्वास (28 वर्ष) ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रविवार को खेत में काम करने गया था जबकि मां इलाज कराने अस्पताल गई थी। शाम को पत्नी माया विश्वास घर में कुंडी लगाकर पड़ोस में कृष्ण जन्माष्टमी पूजा देखने गई थी। शाम 5 बजे घर आई तो देखा दरवाजा खुला व सामान बिखरे हुए थे। घर में चोरी होने की आशंका पर घटना की जानकारी पति को दी। जब पति घर आया और समान की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर के अलावा अन्य सामान गायब थे।

स्वास्थ्य मंत्री की नाराजगी के बाद फूड एंड ड्रग विभाग की टीम ने लिया पानी का सैंपल

# ननि चिरमिरी के 5 वार्ड में पीलिया का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के नगर निगम चिरमिरी के छोटी बाजार इलाके में पीलिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते एक महीने में पांच वार्डों के 200 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, वहीं अब तक दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने इसके लिए प्रदूषित पेयजल आपूर्ति को जिम्मेदार ठहराते हुए नाराजगी जताई है।

■ दो सौ से ज्यादा लोग बीमार, दो की हुई है मौत

स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार प्रभावित इलाकों में कैम्प लगाकर जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस बीच क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हाल ही में दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 दिनों के भीतर स्थिति पर नियंत्रण नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।



वार्डों का निरीक्षण करता स्वास्थ्य विभाग की टीम।



लोगों से ली जा रही जानकारी।





सैंपल लेते कर्मी।

**छोटी बाजार इलाके में पीलिया का कहर**

नगर पालिक निगम चिरमिरी के छोटी बाजार इलाके में पीलिया का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा। बीते एक माह में पांच वार्ड प्रभावित हो चुके हैं और अब तक 200 से अधिक लोग पीलिया से पीड़ति हो चुके हैं। वहीं इस बीमारी की चपेट में आने से दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। प्रदूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। लगातार बढ़ते प्रकोप के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र में कैम्प लगाकर मरीजों की जांच और उपचार किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद रायपुर और अंबिकापुर से फूड एंड ड्रग विभाग की संयुक्त टीम चिरमिरी पहुंची। अधिकारियों ने पीड़ति परिवारों के घरों और पानी टंकी से पानी का सैम्पल लिया। विभागीय टीम के अनुसार इन नमूनों की जांच रायपुर की माइक्रोबायोलॉजी लैब में कोल्ड चेक प्रोसेस से की जाएगी और तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट आने की संभावना है। लोगों की मांग है कि प्रशासन पेयजल सप्लाई को शुद्ध करने और वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने तत्काल ठोस कदम उठाए, ताकि महामारी जैसे हालात न बनें। ⏭ शेष पेज 4 पर

# ग्रामीण अंचल में खिले कांस के फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के ग्रामीण अंचल में इन दिनों कांस के फूल खेतों-नदियों के किनारे एवं जंगल क्षेत्रों में खिल गए हैं, जो हरियाली के बीच कांस के सफेद फूल का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है।

■ खेतों और नदियों में देते हैं दिखाई

आमतौर पर बारिश के बाद खेतों एवं नदियों किनारे कांस के फूल खिलते हैं, जो अपनी सफेद मुलायम फूलो से युक्त होती है, जो हर किसी को अपनी ओर ध्यान आकर्षित करती है। कांस का फूल न सिर्फ एक वनस्पति नहीं बल्कि ग्रामीणा लोक कथाओं एवं परंपराओं का भी हिस्सा है, इसे ⏭ शेष पेज 4 पर

### बारिश का दौर समाप्त होने का संकेत

ग्रामीण लोक कथाओं के अनुसार जब खेतों में कांस के फूल खिलने लगता है तो यह मौसम के बदलाव का संकेत होता है। इस पौधे के फूल खिल जाने पर ग्रामीण यह मानते हैं कि अब बारिश बूढ़ा हो गया, अर्थात अब बारिश कम होने लगेगी।

### देवी के आगमन का प्रतीक

कांस के फूल जब खेतों में खिल जाते हैं तो यह मौसम के बदलाव का संकेत तो होता ही हैं, इसके अलावा कांस के फूलों का खिलना देवी दुर्गा के आगमन का प्रतीक भी माना जाता है। इस फूल का खिलना कई क्षेत्रों में शुभ माना जाता है, वहीं कांस के पौधों एवं इसके फूलों का उपयोग पूजा कार्य में भी किया जाता है।



# अविवादित नामांतरण का करें निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की प्रगति की सिलसिलेवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनदर्शन व सीएम पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में सुनिश्चित हो।

कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। साथ ही जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि धरती आबा में चिन्हित




बैठक लेतीं कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

ग्रामों के छात्र-छात्राओं तथा जरूरतमंद वर्गों को प्राथमिकता के आधार पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं और एक सप्ताह के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में नल-जल योजना व जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा और लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसी तरह एक पेड़ मां के नाम अभियान पर वन विभाग एवं नगरीय निकायों को शीघ्र पौधरोपण एवं उसकी देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण को प्राथमिकता बताते हुए राजस्व अधिकारियों को सतत निगरानी करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि खरीफ ⏭ शेष पेज 4 पर

### चयनित को 10 सितंबर तक करना होगा जॉइनिंग


**बैकुण्ठपुर।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने जानकारी दी है कि महिला छात्रावास ड्यूटी तथा महिला एवं पुरूष नगर सैनिक जनरल ड्यूटी भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग 1 से 10 सितंबर तक कार्यालयीन समय में की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं एक सेट छायाप्रति, चिकित्सकीय परीक्षण एवं पुलिस चरित्र सत्यापन संबंधी दस्तावेज तथा इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि आयोग्य पाए जाने पर सेवा से पृथक कर दिए जाएंगे। जिला सेनानी ने बताया कि 15 सितंबर से चयनित पुरूष अभ्यर्थियों का बेसिक प्रशिक्षण नगर सेना लाइन बैकुंठपुर (तलवापारा) में प्रारंभ होगा। वहीं महिला छात्रावास ड्यूटी एवं महिला नगर सैनिक जनरल ड्यूटी का प्रशिक्षण जिला सूरजपुर में संचालित किया जाएगा।

# शौचालयों की मरम्मत पर नहीं दे रहे ध्यान

**बैकुंठपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के प्रत्येक पंचायतों के अंतर्गत सभी ग्रामीण परिवारों के यहां शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया और हर घर परिवार के यहां शौचालय निर्माण कार्य पूरा कराए जाने के बाद जिले को ओडीएफ घोषित किया गया, लेकिन समय बीतने के बाद अब ग्रामीण परिवारों के यहां बनाए गए शौचालयों की स्थिति दयनीय हो गई है, जिसे देखकर नहीं लगता कि निर्मित शौचालयों का ग्रामीण परिवार उपयोग करता हो।

ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरो के पास बने शौचालय की स्थिति खराब हो गई है। ऐसा नहीं कि सभी घरों के शौचालय खराब हो गए हैं, अभी भी कई ग्रामीण परिवारों के शौचालय अच्छी हालत में है और ग्रामीण परिवार बने शौचालय का उपयोग कर रहे है, वहीं कई गांवों में बने ग्रामीण परिवार के शौचालयों की स्थिति खराब हो गई है, इसके चलते वह परिवार अपने बनाए शौचालय का उपयोग नहीं कर रहे हैं, बैकुंठपुर-सोनहत जनपद के अब पंचायत भी इस दिशा में ध्यान नहीं दे रहा।

**पंचायत बदहाल**



### कहीं दरवाजा टूटा तो कहीं झाड़ियों से घिरा

वर्तमान में कई ग्रामीण परिवारों के शौचालयों की स्थिति उपयोग लायक नहीं रह गया है। किसी ग्रामीण परिवार का शौचालय का दरवाजा टूट गया है, इसके चलते उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है, वहीं कई ग्रामीण परिवार का शौचालय के दरवाजे और चारों ओर झाड़ियां उग आई है। किसी के शौचालय का उपर का हिस्सा टूट गया। इस तरह कई गांवों में कुछ ग्रामीण परिवारों का शौचालय खस्ताहाल हो गया है, इसके चलते शौचालय का उपयोग नहीं हो पा रहा है और लोग बाहर शौच के लिए जा रहे हैं।

# भरतपुर एसडीएम ने स्कूली बच्चों की परखी पढ़ाई की गुणवत्ता



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर शशि शेखर मिश्रा ने हाईस्कूल घाघरा विकासखंड भरतपुर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाला मअध्ययन-अध्यापन की स्थिति का गहन अवलोकन किया और बच्चों के साथ बेंच में बैठकर शिक्षण की गुणवत्ता और व्यवहारिक क्रियान्वयन को प्रत्यक्ष रूप से परखा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी समझ और पढ़ाई के स्तर की जानकारी भी ली। अवलोकन पश्चात उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं ⏭ शेष पेज 4 पर

# राज्य पूर्व प्रधानमंत्री की सौगातः भईयालाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश में आयोजित छग रजत महोत्सव अंतर्गत मंगलवार को कोरिया जिले में जिला स्तरीय यश यात्रा विरासत के 25 वर्ष का शुभारंभ जिला पंचायत ऑडिटोरियम परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े रहे।

■ महोत्सव- गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर केन्द्रित होगीः कलेक्टर

श्री राजवाड़े ने कहा कि छग राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौगात है। यहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है, जिनका लाभ यहां के निवासियों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में राज्य ने विकास के नए प्रतिमान गढ़े हैं और सड़कों, बिजली, पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि रजत जयंती समारोह 15 अगस्त से प्रारंभ होकर मार्च 2026 तक चलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार इस महोत्सव की मुख्य टैगलाइन ज्ञान अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर केन्द्रित होगी। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों में कोरिया ने जो यात्रा शुरू की उसका साक्षी आप सब हैं। पहले यहां कई विभागों के कार्यालय नहीं रहे होंगे, लेकिन अब शासकीय संस्थानों व विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति की है। आडिटोरियम परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा ⏭ शेष पेज 4 पर



# जिले में चलेगा आदि कर्मयोगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छग में आदि कर्मयोगी अभियान 17 सितंबर से शुरू हो रहा है। यह दो अक्टूबर 2025 तक चलाया जाएगा। छग सहित देशभर के अनेक राज्यों में संचालित हो रहे इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आदि कर्म योगी अभियान के बारे में अधिकारियों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किया जाना है। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस अभियान के अंतर्गत धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित जिले के 154 आदिवासी बहुल ग्रामों को शामिल किया गया है। अभियान के संचालन के लिए ग्राम स्तर पर एनजीओ, स्वयंसेवी, पंचायत प्रतिनिधि, युवा एवं सेवाभावी संगठन तैयार किए जाएंगे। ये कैडर पेंशन, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित करीब 25 योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम विकास की योजना निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य, जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी, जो शासकीय सेवाओं की प्रदायगी और जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने का केन्द्र बनेगा। पूरे अभियान के दौरान आदि सेवा केन्द्र के माध्यम से सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी सेवा अभियान का संचालन किया जाएगा। इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आदिम जाति विकास तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा निर्धारित विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार जिलों में एनजीओ, सीएसओ तथा स्थानीय वालंटियर्स का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि गैर शासकीय कर्मियों को आदि सहयोगी तथा शासकीय कर्मियों को आदि सहायक के नाम से जाना जाएगा।



■ मचयनित ग्राम में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी

अभियान के दौरान शिकायत निवारण शिविर, जनजागरूकता अभियान तथा आदिवासी सेवा दिवस का आयोजन भी किया जाएगा।

## मांगे नहीं माने जाने पर मंत्री के निवास का करेंगे घेराव

# मितानिनों का वादा निभाओ हल्ला बोल, सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मंगलवार को जिलेभर के काफी संख्या में मितानिनों ने अपनी मांगों को लेकर वादा निभाओ हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन किया।

मितानिनों ने कहा कि वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन अब तक उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में शामिल नहीं किया गया है। मितानिनों ने सरकार से मांग की कि उन्हें एनएचएम के दायरे में शामिल कर सम्मानजनक मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और स्थायी व्यवस्था दी जाए। मितानिन संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वे लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें केवल प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जो जीवन-यापन के लिए पर्याप्त नहीं है। शहर के प्रेमाबाग मंदिर प्रांगण में जिले के विभिन्न पंचायतों से आए काफी संख्या में मितानिनों में अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किए, इसके पश्चात धरना स्थल पर मितानिनों द्वारा विशाल रैली धरना स्थल से निकाली गई, जो फव्वारा चौक, कुमार चौक होते मुख्य मार्ग से ओड़गी नाका तक पहुंची, जहां उन्हें रोक लिया गया और वहीं पर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान काफी संख्या में मितानिन रैली में शामिल रहे। आयोजित धरना प्रदर्शन में मितानिनों के मांगों का समर्थन करने के लिए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह भी समर्थन देने पहुंची थी।






**मांगों को पूरा करने दिया अल्टीमेटम**

मितानिन संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार को सात दिवस के भीतर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेने की स्थिति में चेतावनी दी है कि प्रदेश स्तर पर मितानिनों द्वारा जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री निवास, स्वास्थ्य मंत्री निवास का घेराव एवं चक्काजाम प्रदेश के 72 हजार मितानिनों द्वारा किया जाएगा।



# थामा में अंधेरे के बादशाह से टकराएंगे आयुष्मान

**मुंबई।** मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म थामा से अब आयुष्मान खुराना समेत फिल्म की पूरी कास्ट का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। साथ ही कौन किस किरादर में नजर आएगा, इसकी भी जानकारी सामने आ गई है। फर्स्ट लुक के सामने आने के बाद अब फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म से आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल के लुक रिवील किए हैं। फिल्म में आयुष्मान खुराना आलोक के किरदार में नजर आएंगे, जो इंसानियत की आखिरी उम्मीद है।

लाइफ Style

# रश्मिका

## न्यूयॉर्क की गलियों में छाया साउथ का जलवा

साउथ इंडस्ट्री के दो पॉपुलर स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा रविवार को न्यूयॉर्क शहर में 43वें इंडिया डे परेड के दौरान साथ देखे गए हैं। दोनों के यूं साथ किया गया है। ऐसे में लोग दोनों के रिश्ते को लेकर कयास लगाने लगे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टिंग की दुनिया में दो स्टार का साथ नजर आना कई बार मुसीबत बन जाता है। खासतौर पर जब दोनों के पहले से ही अफेयर के किस्से सामने आ रहे हों, ऐसा ही कुछ साउथ के जाने माने स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के साथ भी हुआ है। दोनों को साथ में देखा गया है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा साउथ इंडस्ट्री की सुपरहिट जोड़ी में से एक हैं। दोनों को साथ में देखने के बाद लोगों ने इनके रिश्ते में होने के कयास फिर से लगाने हैं। बीते दिन रविवार 17 अगस्त को दोनों न्यूयॉर्क शहर में हुई 43वीं इंडिया डे परेड में साथ नजर आए थे। जैसे ही दोनों साथ दिखे, सोशल मीडिया पर इनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गईं। इससे पहले भी दोनों अपने अफेयर को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। लेकिन, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की। हमेशा बताया कि दोनों अच्छे दोस्त हैं। 43वीं इंडिया डे परेड में रश्मिका और विजय की कई फोटोज और वीडियो सामने आए हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस दौरान विजय को रश्मिका का खास ख्याल रखते हुए भी देखा गया. यही वजह है कि फैंस फिर से मान बैठे कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।




हॉलीवुड मसाला




# स्ट्रेंजर थिंग्स का हिस्सा नहीं

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की मच टॉक्ड अबाउट वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है और दुनिया भर के फैंस की तरह अब इस शो के पूर्व एक्टर डेकर मोंटगोमरी भी इसके आखिरी सीजन को देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। सीरीज के दूसरे और तीसरे सीजन में बिली हार्ग्रोव का किरदार निभा चुके डेकर मोंटगोमरी अब इस शो को एक दर्शक के रूप में देखने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वो अब ऑस्ट्रेलिया में सुकून भरी जिदंगी जी रहे हैं।



# जनरल जॉड के किरदार से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर टेरेंस स्टैम्प का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। टेरेंस को सुपरमैन फिल्म में उनके जनरल जॉड के किरदार के लिए जाना जाता था। लंदन में जन्मे टेरेंस स्टैम्प ने 1962 में समुद्री बैकड्रॉप पर आधारित फिल्म 'बिली बड' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस पहली ही फिल्म के लिए उन्हें ऑस्कर नामांकन प्राप्त हुआ। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। हालांकि, स्टैम्प ने कई गंभीर और भावुक भूमिकाएं निभाईं, लेकिन उन्हें सबसे अधिक लोकप्रियता मिली 1978 की सुपरमैन और 1980 की सुपरमैन II में जनरल जॉड के किरदार से। टेरेंस स्टैम्प की सबसे सराही गई भूमिकाओं में 1994 की 'द एडवेंचर ऑफ प्रिसिला, क्वीन ऑफ द डेजर्ट' भी शामिल है।



# बागी-4 का पहला गाना गुजारा हुआ रिलीज


**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म बागी 4 का पहला गाना गुजारा सोमवार को रिलीज हो गया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। इस रोमांटिक गाने में दोनों की जोड़ी काफी जच रही है। ए हर्षा द्वारा निर्देशित 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की एक्शन से भरपूर फिल्म बागी 4 का पहला गाना सामने आया है। एक्शन फिल्म का पहला गाना रोमांस से भरपूर है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनेत्री हरनाज कौर संधू नजर आ रही हैं। ये गाना पंजाबी सिंगर सरताज के गाने 'तेरे बिना ना गुजारा' का रीमेक है। ये गाना उस समय फिर से चर्चाओं में आ गया था, जब सिंगर जोश ब्रार ने इसका रीमेक किया था और इसे नए तौर पर लाया था।



# डायरेक्टर अनिल ने की गदर-3 की घोषणा

**मुंबई।** गदर 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करने की जरूरत नहीं है। हालिया इंटरव्यू में डायरेक्टर अनिल शर्मा ने इस फिल्म की घोषणा की है। क्या तीसरी किश्त में अमीषा पटेल भी सकीना के किरदार में नजर आएंगी? दरअसल, पिछले दिनों अमीषा पटेल और अनिल शर्मा के बीच मनमुटाव हुआ था। अपनी फिल्म गदर 3 की कहानी, मेकिंग को लेकर डायरेक्टर ने अपडेट दिया। अनिल शर्मा कहते हैं, 'अमीषा के साथ मेरा रिश्ता अब बहुत अच्छा है। वक्त के साथ-साथ सब चीजें सही हो जाती हैं। अभी सब बढ़िया है। सकीना (अमीषा पटेल) और तारा (सनी देओल) 'गदर' फिल्म सीरीज का एक जरूरी हिस्सा हैं। लेकिन, हम गदर 3 की रिलीज से पहले उनके रोल के बारे में ज्यादा चर्चा नहीं करेंगे। गदर 3 जरूर बनेगी।

टीवी मसाला



# केबीसी 17 को मिला पहला करोड़पति 7 करोड़ के सवाल पर टिकी नजरें

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड फेमस क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 17 का धमाकेदार आगाज हो चुका है। ये शो ने शुरू होने के साथ ही सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी में एक बार फिर से अमिताभ का शानदार अंदाज देख न सिर्फ कंटेस्टेंट, बल्कि दर्शक भी काफी खुश हैं। अमिताभ के इस शो के पहले ही हफ्ते में दर्शकों को इस सीजन का पहला करोड़पति मिल गया है। इस प्रोमो में दिखाया गया कि उत्तराखंड के रहने वाले आदित्य कुमार शानदार तरीके से खेल को आगे बढ़ा रहे हैं। अमिताभ के पूछे गए सभी सवालों का जवाब आदित्य ने बिल्कुल सही दिया। इस तरह आदित्य ने 1 करोड़ के सवाल का भी जवाब बिल्कुल सही दिया। एक करोड़ की रकम जीतकर आदित्य फूले नहीं समा रहे थे। बिग बी ने भी उठकर आदित्य को गले लगाया। एक करोड़ जीतने के बाद आदित्य सीधे 7 करोड़ के सवाल पर पहुंच गए हैं। अब हर किसी की नजरें 'कौन बनेगा करोड़पति 17' जैकपॉट वाले सवाल पर टिकी है। हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि क्या आदित्य 7 करोड़ के जैकपॉट वाले सवाल का सही जवाब दे पाएंगे। फिलहाल, ये जानने के लिए सभी काफी उत्सुक हैं। आदित्य ने अमिताभ बच्चन के सामने अपने कॉलेज के दिनों का एक मजेदार किस्सा सुनाया। आदित्य ने बताया कि जब वो कॉलेज में थे तब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ केबीसी को लेकर एक मजाक किया था। उन्होंने कहा था कि कॉलेज में केबीसी की शूटिंग होने वाली है। ये सुनकर सभी दोस्त रोज तैयार होकर आते थे, लेकिन जब एक हफ्ता बीत गया तब खुद आदित्य ने बताया कि वो मजाक कर रहे थे। ये सुनकर बिग बी खूब हंसे।

## तान्या हुई कंफर्म, फेमस वकील भी बिग बॉस में मचाएगा बवाल

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के लिए अब जो नाम सामने आ रहा है, वो है तान्या मित्तल का। तान्या एक सोशल मीडिया पर स्टार हैं। तान्या एक सफल सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ही नहीं, बल्कि एक उद्यमी महिला भी हैं। वो



अपनी सादगी के लिए हमेशा ही सुर्खियों में रहती हैं। बता दें कि इसी साल प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ में तान्या भी मौजूद थीं। तान्या ने न सिर्फ अपनी जान बचाई, बल्कि लोगों की भी मदद करती नजर आईं थीं। सलमान खान के शो के लिए तान्या का नाम कंफर्म बताया जा रहा है। फिलहाल तान्या की तरफ से शो में जाने को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बिग बॉस 19 में पिछले कुछ सीजन से देखा जा रहा है कि शो में यूट्यूबर्स, स्टार्स, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के अलावा वकील भी आ रहे हैं। सीजन 19 में भी एक फेमस वकील की एंट्री को कंफर्म बताया जा रहा है। शो के लिए इस बार फेमस लॉयर अली काशिफ खान का नाम सामने आ रहा है। अली काशिफ को सलमान खान के शो लिए लगभग कंफर्म बताया जा रहा है।

# धमाकेदार होगा यह वीक, बिग बॉस 19 की दस्तक के साथ रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में इस वक्त 'कुली' और 'वॉर 2' सजी हुई हैं। साथ ही 'महावतार नरसिम्हा' भी दर्शकों को आकर्षित कर रही है। वहीं, ओटीटी पर बीते हफ्ते काफी शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब नए वीक की शुरुआत हो चुकी है और मनोरंजन के शौकीनों के लिए इस वीक भी ओटीटी पर काफी कुछ खास आने वाला है।

***पीसमेकर सीजन 2*** : यह सीरीज इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में शामिल है और 21 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें जॉन सीना, डेनिएल ब्रूक्स, फ्रेडी स्ट्रोमा, जेनिफर हॉलैंड, फ्रैंक ग्रिलो जैसे सितारे नजर आएंगे। बता दें कि 'पीसमेकर' का पहला सीजन साल 2022 में रिलीज हुआ था।

***आमार बॉस*** : यह फिल्म 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह वही फिल्म है, जिसके जरिए करीब दो दशक बाद दिग्गज अभिनेत्री राखी ने एक्टिंग की दुनिया में वापसी की है। यह बंगाली फिल्म मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब ओटीटी पर दस्तक दे रही है। इस फिल्म में राखी और शिबोप्रसाद मुखर्जी लीड रोल में हैं। नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने इसका निर्देशन किया है।



***मारीसन*** : यह तमिल फिल्म है। सुधीश शंकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 22 अगस्त को ओटीटी पर दस्तक देगी। इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म में फहाद फासिल और वडिवेलु लीड रोल में हैं। बता दें कि यह फिल्म 25 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज हुई थी।

***थलाइवन थलाइवी'*** : विजय सेतुपति और नित्या मेनन अभिनीत यह फिल्म भी इस हफ्ते ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। दोनों सितारों को इस फिल्म में पहली बार साथ स्क्रीन पर देखा गया। यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 22 अगस्त से यह प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

***शोधा*** : यह एक कन्नड़ सीरीज है। इस हफ्ते ओटीटी पर प्रीमियर के लिए तैयार है। निर्देशक पवन कुमार इस वेब सीरीज में लीड रोल में नजर आएंगे। 'शोधा' 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह एक सस्पेंस थ्रिलर सीरीज है।

***बिग बॉस 19*** : यह वीक इसलिए भी काफी खास है, क्योंकि सलमान खान का रियलिटी शो भी 'बिग बॉस' का नया सीजन भी दर्शकों के बीच पहुंच रहा है। 'बिग बॉस 19' जियो हॉटस्टर पर 24 अगस्त से स्ट्रीम होगा।

# *वॉर 2 में कियारा का काम देखकर खुश हुए सिद्धार्थ*



*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर वॉर 2 का इंतजार लंबे वक्त से किया जा रहा था। फिल्म बड़े पैमाने पर बनी और इसे यशराज के स्पाई यूनिवर्स की सबसे बड़ी कड़ी बताया गया। लेकिन, रिलीज के बाद ऑडियंस का रिएक्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। हाई ऑक्टेन एक्शन और स्टारपावर के बावजूद फिल्म ऑडियंस को पूरी तरह एंटरटेन नहीं कर पा रही। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर मिलाजुला रिस्पॉन्स देखने को मिला है। इस बीच एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पत्नी कियारा आडवाणी की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कियारा के काम को शानदार बताया। सिद्धार्थ ने फिल्म देखने के बाद लिखा, क्या राइड थी! एक्शन, स्केल और स्टाइल सब कमाल। कियारा अडवाणी ऑन स्क्रीन ग्रेस और स्ट्रेंथ लेकर आईं।*

**जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि जंगल-जंगल बात चली है पता चला है...**

# एक ऐसा फनकार, जिसने जिस विधा को छुआ उसे कर दिया 'गुलजार'



*नई दिल्ली। गुलजार एक हैं, लेकिन उनके रंग अनेक हैं। जब वह गाने लिखने बैठते हैं तो पहला ही गाना लिखते हैं- 'मोरा गोरा अंग लइ ले, मोहे श्याम रंग दई दे'। जिस बॉलीवुड की दुनिया में गोरे रंग की चमक-दमक ही सबकुछ मायने रखती हो, वहां पहले ही गाने में श्याम रंग की चाहत। जब वो स्क्रीन प्ले लिखते हैं तो आनंद जैसी फिल्म सामने आती है। जिसका सार ही ये है कि 'जिंदगी लंबी नहीं बड़ी होनी चाहिए। जब वो निर्देशक की कुर्सी पर बैठते हैं तो आंधी, मौसम और माचिस जैसी फिल्में सामने आती हैं। जहां संवेदनाएं अपने चरम पर हैं और आपके अंदर भावनाओं का एक तूफान सा छोड़ जाती हैं। जब बड़े पर्दे से छोटे पर्दे की ओर रुख करते हैं और टीवी सीरियल बनाते हैं तो मिर्जा गालिब जैसे एक शाहकार से मुलाकात होती है। जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि 'जंगल जंगल बात चली है पता चला है, चड्डी पहनकर फूल खिला है।'*

## मेरे अपने से निर्देशन की दुनिया में उतरे

गीत, स्क्रीन राइटिंग और डायलॉग लिखने के बाद गुलजार ने साल 1971 में निर्देशन की दुनिया में कदम रखा। निर्देशक की कुर्सी पर बैठने के बाद उन्होंने पहली फिल्म बनाई मेरे अपने। श्याम आए तो उससे कहना कि छेनू आया था। ये डायलॉग तो आपने कई बार सुना होगा। ये सुपरहिट डायलॉग गुलजार की 'मेरे अपने'का ही है। ये फिल्म एक बूढ़ी विधवा, उसका एक कथित रिश्तेदार और दो युवकों के बीच की कहानी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी और इस फिल्म ने विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा के कॅरियर में एक अहम बदलाव लाया था। फिल्म में इन दोनों के अलावा मीना कुमार, देवेन वर्मा, असित सेन, असरानी, डैनी डेन्जोंगपा, कैस्टो मुखर्जी, ए के हंगल, दिनेश ठाकुर, महमूद और योगिता बाली प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

**कॉमेडी ड्रामा परिचय** : इसके बाद 1972 में गुलजार जितेंद्र, जया भादुड़ी, प्राण और संजीव कुमार स्टारर परिचय लेकर आए। इस फिल्म में एक की तलाश करते युवक की कहानी दिखाई गई है। जिसे बाद में पांच बिगड़ैल बच्चों को पढ़ाने की नौकरी मिलती है। ये बच्चे इतने बिगड़ैल हैं कि वो इससे पहले कई टीचर्स को भगा चुके हैं। ये अपने दादा जी राय साहब के साथ रहते हैं, जो समय के बड़े पाबंद हैं। फिल्म की कहानी काफी रोचक है। साथ ही फिल्म रिश्तों और रोजगार के मुद्दे पर भी बात करती है।

**मूक-बधिर की इमोशनल कर देने वाली कहानी कोशिश** : इसी साल गुलजार एक मूक-बधिर जोड़े की दिल को झकझोर देने वाली रोमांटिक-ड्रामा फिल्म कोशिश भी लेकर आए। इस फिल्म में संजीव कुमार, जया भादुड़ी और असरानी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मूक-बधिर कपल हरि चरण और आरती के संघर्ष, उनके दर्द और समाज में अपनी जगह बनाने की उनकी जद्दोजेहद को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी काफी भावुक है। कैसे हरि चरण आरती के मरने के बाद अकेले ही अपने बेटे को पालता है और इस दौरान उसे कैसे समाज से भी लड़ना पड़ता है। इस फिल्म के लिए संजीव कुमार को बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। 1972 में आईं ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं।

## नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर बनाई अचानक

गुलजार ने सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्में भी बनाईं और साथ ही उन्होंने अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को भी उठाया है। उन्होंने 1958 में हुए केएम नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर फिल्म बनाई थी 'अचानक'। ये वो ही मामला है, जिस पर बाद में अक्षय कुमार की फिल्म रुस्तम बनी हुई है। अचानक में विनोद खन्ना प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इसके अलावा लिली चक्रवर्ती, फरीदा जलाल और असरानी भी प्रमुख किरदारों में हैं। सबसे खास बात कि खुद गीतकार होने के बावजूद गुलजार की इस फिल्म में एक भी गाना नहीं था। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और कई अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन भी मिला था।

**इमरजेंसी में आंधी पर लगा बैन** : साल 1975 में जब देश में इमरजेंसी लगी थी और शोले जैसी ऐतिहासिक फिल्म रिलीज हुई थी। उसी साल गुलजार ने दो ऐसी फिल्में बनाईं जो आज भी आपके अंदर भावों का एक समुंदर सा छोड़ जाती हैं। पहले गुलजार संजीव कुमार और सुचित्रा सेन स्टारर आंधी लेकर आए। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। जिसमें कई वर्षों के बाद एक अलग हुए कपल की अचानक मुलाकात होती है। जब पत्नी आरती देवी, जो अब एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हैं, चुनाव प्रचार के दौरान अपने पति के होटल में ठहरती हैं। इस फिल्म को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित बताया जाता है। हालांकि, मेकर्स ने इस बात से इंकार किया था।

## खबर संक्षेप

### अग्रसेन जयंती मनाने नव जागृति समिति का गठन, आदित्य अध्यक्ष

**बिश्रामपुर।** श्री अग्रसेन जयंती को धूमधाम से मनाने गत दिवस अग्र बंधुओ की बैठक नगर के अग्रसेन भवन में रखी गई जिसमें नवीन अध्यक्ष,सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन किया गया,बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य सुभाष गोयल ने की,यहाँ पर अध्यक्ष पद के लिए आदित्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद के लिए नितिन गोयल,सचिव पद के लिए प्रशांत अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया।इस दौरान उपस्थित जनों ने गठित नई कार्यकारिणी के सदस्यों को आपसी तालमेल से कार्य करने और अग्रसेन जयंती के भव्य आयोजन किये जाने को लेकर चर्चा की।इस दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्य मोहन लाल गोयल,राजकुमार अग्रवाल,प्रदीप गोयल,विजय गोयल,स्पर्श अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने प्रवेश तिथि बढ़ाने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 की प्रवेश तिथि को आगे बढ़ाने के लिए एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल एवं विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति प्रेम प्रकाश सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया है। विश्वविद्यालय एवं उसके अधीन महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त थी।
विश्वविद्यालय के द्वारा देर से नतीजे जारी करने एवं पोर्टल से संबंधित समस्याओं के कारण बहुत से छात्र प्रवेश से वंचित रह गए हैं। इस कारण संभाग के सभी कॉलेजों में सीटें बी रिक्त है। छात्रों की इस परेशानी के सामने आने के बाद एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला। मुलाकात के बाद एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने जानकारी दी है कि कुलपति ने रजिस्ट्रार को प्रवेश तिथि आगे बढ़ाने बाबत अपनी अनुशंसा भेज दी है। औपचारिकताओं को पूर्ण कर विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र बढ़ी हुई तिथियों की घोषणा कर देगा। इस दौरान अभिषेक सोनी, अंकित जायसवाल, गौतम गुप्ता, ऋषभ जायसवाल, मेघा गुप्ता, मुनेश्वर सिंह, अभिनव काशी, वैभव पांडे, संतोष पटेल सहित कार्यकर्ता और छात्र मौजूद थे।

### सागोन पेड़ काट ले जाने मामले में सुरक्षा विभाग ने पुलिस और डीएफओ को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा कॉलोनी स्थित पुराना डीएमक्यू क्वार्टर नंबर 55 के पीछे लगे दो नग विशाल सागोन पेड़ को दिनांक 8 अगस्त को काटकर चोरी कर लिया गया है, उक्त मामले में कंपनी के सुरक्षा प्रहरी उजीत राम ने डीएफओ सूरजपुर समेत बिश्रामपुर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।सुरक्षा प्रहरी ने वनमंडल अधिकारी और थाना प्रभारी को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि कुमदा सहक्षेत्र स्थित पुराना डीएमक्यू कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 55,जो रेहर खदान में कार्यरत टेंडल बन्सू आत्मज बाबूलाल के नाम पर आबंटित है, यहाँ पर दिनांक 8 अगस्त को उक्त आवास के पिछले हिस्से में लगे दो नग सागौन के विशाल पेड़ को क्वार्टर में रहने वाले सुशांत विश्वास एवं चंपा विश्वास ने उपसरपंच ग्राम कुमदा की मिलीभगत से कटवा कर पार कर दिया गया है।

### अतिथि शिक्षक के एक साथ दो स्कूलों में पढ़ाने की जांच हेतु दल गठित

**बिहारपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय में पदस्थ अतिथि व्याख्याता राजकुमार के एक साथ दो राज्य के अलग-अलग स्कूलों में पढ़ाने के मामले की जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सोमवार को जारी आदेश 5825 दिनांक 18 अगस्त 2025 के अनुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भैयाथान फूलसाय मराबी की अध्यक्षता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंछीडांड के प्राचार्य नसीम अंसारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवनगर के प्राचार्य शंभू निषाद मामले की जांच करेंगे। मालूम हो कि हरिभूमि ने 14 अगस्त के अंक में चार सालों से एक साथ दो राज्य के दो स्कूलों में सेवाएं दे रहा अतिथि शिक्षक शीर्षक से प्रमुखता से इस बड़ी गड़बड़ी को प्रकाशित किया था। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर श्रीमती भारती वर्मा ने जांच दल गठित किया है तथा दल को स्वयं उपस्थित होकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया है।

### शिवनंदनपुर में करमा पर्व को लेकर हुई आदिवासी समाज की बैठक

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर क्षेत्र में इस वर्ष पारंपरिक प्राकृतिक फसल करमा पर्व को सामूहिक रूप से और भी भव्य स्वरूप में मनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है, करमा पर्व आदिवासी समाज की आस्था, एकता और संस्कृति का प्रतीक है,इसको लेकर शिवनंदनपुर के बड़े पीपल चौक पर गत दिनों मूलवासी एवं आदिवासी समाज के लोगों की एक अहम बैठक आयोजित हुई।बैठक में रजवार समाज, कलार समाज, गोंड समुदाय सहित विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए,बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी सामूहिक करमा स्थल पर पर्व मनाया जाएगा,यह परंपरा अब लगातार दूसरे वर्ष भी जारी रहेगी और आयोजन को और अधिक भव्य और आकर्षक बनाने का संकल्प लिया गया है,बैठक में सभी ग्रामवासियों से इस सामूहिक पर्व को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक आर्थिक व श्रम सहयोग देने का भी समर्थन मांगा गया।



अम्बिकापुर। दादी ग्राम समिति द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में शामिल राधा-कृष्ण के वेश-भूषा में बच्चे।

### गढ़वा से लाकर क्षेत्र में करता था सप्लाई

# 80 हजार के नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- दो दिन के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई

नशीला इंजेक्शन लेकर बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहे युवक को संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने युवक के पास से 80 हजार कीमत के 80 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा संभाग में नशे के कारोबारियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के दौरान आज टीम को उस समय सफलता हाथ लगी जब गश्त कर रहे सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत आरा निवासी हबीब अंसारी किसी ग्राहक को नशीला इंजेक्शन बेचने के लिए सरगवां पैलेस रोड के पास बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवाई 9707 को खड़ा कर इंतजार कर रहा था। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर टीम मौके पर पहुँची तो सरकारी गाड़ी को देख बाइक सवार भगाने का प्रयास किया जिसे दौड़ा कर आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। टीम ने युवक के पास रखे झोले की तलाशी ली तो झोला से 80 हजार कीमत के 80 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने बाइक व नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरोध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह सक्रिय रही।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जब्त इंजेक्शन की कीमत लगभग 80 हजार रुपए है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह गढ़वा से नशीला इंजेक्शन लाकर आसपास सप्लाई करता है। रंजीत गुप्ता ने बताया कि बलरामपुर जिले के आरा क्षेत्र नशीले पदार्थ की बिक्री बड़ी मात्रा में की जाती है। इसके पूर्व भी आरा निवासी नूर अहमद को नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।। गढ़वा जिला पूरे छत्तीसगढ़ में नशीले इंजेक्शन की सप्लाई कर रहा है।



नशीली दवाईयों के साथ आरोपी।

### अवैध रूप से शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी से 19 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब जब्त किया है। बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि पवन कुमार साहू अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए शराब लेकर आ रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी देवेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी कर रघुनाथनगर निवासी 36 वर्षीय पवन कुमार साहू आ. रामजी साहू को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब 36 नग बियर किंग फिशर, 10 नग मैकडॉवेल नंबर कुल 19 लीटर 800 मिली बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।





# महुली में पहली बार हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

ग्राम पंचायत महुली में पहली बार आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रतियोगिता में कई गोविंदा की टोलियां शामिल हुईं जिन्होंने ऊँचाई पर बंधी मटकी को फोड़ने का प्रयास किया। कुछ टीमें असफल रहीं लेकिन कई टोलियों ने अपनी रणनीति, शक्ति और आपसी तालमेल के बल पर मटकी फोड़ने में सफलता हासिल की। सफलता मिलते ही पूरा मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं और बच्चों ने भी देर रात तक प्रतियोगिता का रोमांच देखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महुली सरपंच रनसाय सिंह खैरवार एवं करौटी ए सरपंच गजमोचन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने मांग की है कि इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष परंपरा के रूप में जारी रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस सांस्कृतिक धरोहर को समझ सकें और गांव की पहचान को और आगे बढ़ा सकें। इस दौरान रामदास जायसवाल, बालक राम जायसवाल, दीपक जायसवाल, मनीष जायसवाल, विष्णु जायसवाल, प्रेम सागर सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस ने सरगुजा में भी शुरू किया मतदाता सूची में सर्वे का काम, दरिमा क्षेत्र से की गई शुरुआत



**अंबिकापुर।** राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों को उजागर करने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक द्वारा 8 अगस्त को सरगुजा जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को मतदाता सूचियों का सर्वे कर संदेहास्पद मतदाताओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दरिमा ने पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में योजनाबद्ध रूप से इस सर्वे के कार्य को प्रारंभ कर दिया है।

वोटर लिस्ट की गड़बड़ियों को पकड़ने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और बूथ कमेटियों का एक ट्रेनिंग सत्र करजी फार्म में आयोजित किया गया। ट्रेनिंग के उपरांत पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ मतदाताओं के घर जाकर उन्हें मतदाता सूची के सत्यापन का तरीका बतलाया। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि ग्राम करजी में इस जमीनी प्रशिक्षण के दौरान मतदाताओं के कुछ ऐसे नाम सामने आए हैं तो कभी भी यहां के निवासी नही रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर मतदाता सूचियों का गहन सर्वे कर गड़बड़ियों पर विस्तृत प्रतिवेदन दिया जाएगा।

### नगर पालिका अध्यक्ष रमन ने किया ध्वजारोहण

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र स्थित रामानुजगंज में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया गया जहां नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं एवं नगरवासी उपस्थित रहे। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। ध्वजारोहण के पूर्व भारत माता चौक पर स्थापित मां भारती की प्रतिमा और गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है।तब से समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य हो रहे हैं। उन्होंने रामानुजगंज के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप विकास की डगर पर हम आगे बढ़ रहे हैं।

# छात्रावास अधीक्षिका की शिकायत जांच में पहुंचे अधिकारी

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा के प्रभारी अधीक्षिका के खिलाफ हुई शिकायत की अधिकारियों ने जांच की। छात्रावास पहुंचे सहायक जिला समन्वयक और प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जांच की।

गौरतलब है कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा में पदस्थ प्रभारी अधीक्षिका के खिलाफ जन भागीदारी एवं छात्रावास विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के अलावा जिला के उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। प्रभारी अधीक्षिका पर छात्रावास से नदारत रहने का आरोप लगाया गया था। साथ ही मूल विद्यालय में भेजने की मांग भी की गई थी। जिला के उच्च अधिकारियों ने मामले की गंभीरता से लेते हुए निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। शनिवार 16 अगस्त को अंजना सिंह सहायक जिला समन्वयक अधिकारी जांजगीर चांपा एवं उनके साथ में रत्ना थवाईत प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह जांच में पहुंचे।




**सही मिली शिकायत**

जांच में शिकायत सही पाई गई है। वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

-अंजना सिंह
सहायक जिला समन्वयक, जांजगीर-चांपा

**भेजे हैं प्रतिवेदन**

निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन उच्च कार्यालय में भेज दिया गया है। कार्यवाही वहीं से होगी ।

-रत्ना थवाईत,
प्रभारी बीईओ, बम्हनीडीह

### जनपद कार्यालय में ताला जड़ किया विरोध प्रदर्शन, वर्तमान सीईओ को हटाने की मांग

# जनपद प्रभारी सीईओ को अन्य विभाग में अटैच करने के विरोध में लामबंद हुए अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

आकांक्षी ब्लॉक प्रतापपुर जिसे आदर्श जनपद के रूप में पहचान मिलनी चाहिए थी, वहां विवादित अधिकारियों की नियुक्ति ने एक बार फिर बड़े विवाद की वजह बन गया है। जनपद पंचायत प्रभारी सीईओ डॉ निरपेंद्र सिंह को कलेक्टर ने विवाद की स्थिति एवं शिकायत के आधार पर जनपद सीईओ से जिले में अन्य विभाग में अटैच कर दिया था। जिससे आक्रोशित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने डॉ निरपेंद्र सिंह के पक्ष में मोर्चा खोल दिया और आज जनपद कार्यालय में ताला जड़कर वर्तमान जनपद सीईओ को हटाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

आज जनपद अध्यक्ष सुखमनिया आयाम के नेतृत्व में जनपद सदस्य, सरपंच, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे और मुख्य गेट पर ताला जड़कर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने सीईओ जय गोविंद गुप्ता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इधर धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक हलचल तेज हो गई और किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए मौके पर पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। पूरे परिसर में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि प्रतापपुर जनपद की छवि पहले ही धूमिल हो चुकी है। ईडी प्रकरण में गिरफ्तार मिर्जा साहब की नियुक्ति ने जनपद को शर्मसार किया था। बाद में डॉ. नृपेंद्र सिंह ने पारदर्शिता लाकर जनपद को पटरी पर लाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही महीनों में उनका तबादला कर फिर से विवादित अधिकारी को प्रतापपुर की कमान सौंप दी गई। वर्तमान सीईओ जय गोविंद गुप्ता पर पहले से ही गंभीर आरोप हैं।



### कलेक्टर के आश्वासन के बाद किया धरना प्रदर्शन समाप्त

जनपद अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने जनपद सीईओ का प्रभार जय गोविंद गुप्ता को दिए जाने के विरोध में आज सुबह 9 बजे से 3 बजे तक मुख्य गेट का ताला जड़ धरना प्रदर्शन किया। इधर धरना प्रदर्शन की जानकारी लगते ही तत्काल एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार, पुलिस बल मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं हुए। एसडीएम ने कलेक्टर को फोन पर बात कराया तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से इस मामले को लेकर शिकायत की। कलेक्टर ने मामला संज्ञान में आने की बात कही साथ ही सीईओ जय गोविंद गुप्ता के विषय में कहा कि इस विषय में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा और जय गोविंद को प्रभार नहीं दिया जाएगा। प्रदर्शन कारियों ने दो दिन का समय देकर धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

**खबर संक्षेप**

## जमीन बिक्री, निर्माण पर लगी रोक के खिलाफ रैली

**अंबिकापुर।** गोधनपुर, फुन्दुरडिहारी क्षेत्र में भूमि के खरीद बिक्री पर लगी रोक और इससे होने वाली परेशानियों से तंग आकर अब क्षेत्र वासियों ने लम्बी लड़ाई का मन बना लिया है। गोधनपुर क्षेत्र के लोगों द्वारा अपनी मांग व समस्याओं को लेकर रैली निकाली जाएगी। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। गोधानपुर क्षेत्र के निवासी अनिल कुमार सिंह, डॉ. लालचंद यादव व अन्य लोगों ने बताया कि भूमि की खरीद बिक्री पर लगी रोक को लेकर 19 अगस्त को रैली निकाली जाएगी। रैली के लिए गोधनपुर, वसुंधराविहार के लोग श्री आंगन शादी कर में एकत्रित होंगे और भूमि को लेकर कलेक्टर द्वारा लगाए विक्रय व निर्माण रोक को हटाने के लिए रैली निकालकर कमिश्नर कार्यालय पहुंचेंगे और ज्ञापन सौपेंगे। इस दौरान रैली को शांतिपूर्ण तरीके व कानून व्यवस्था का पालन करते हुए संपन्न किया जाएगा।

## जीपीएफ गुमशुदा एवं ऋणात्मक शेष प्रकरणों हेतु शिविर 20 से

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अभिदाताओं के गुमशुदा एवं ऋणात्मक शेष प्रकरणों के निराकरण हेतु महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 20 अगस्त से 22 अगस्त तक अम्बिकापुर के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में कार्यालयीन समय में शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को उक्त शिविर में कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक उपस्थित होकर संबंधित अभिदाताओं के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराए जाने कहा है।

## नगर सैनिकों की भर्ती के संबंध में परिणाम जारी

**अम्बिकापुर।** नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों की भर्ती कार्यवाही गई है। जिसका परिणाम 8 अगस्त को जारी किया गया है। उक्त भर्ती परिणाम विभागीय वेबसाइट में अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी नगर सेना भर्ती परिणाम जानने हेतु उक्त वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

## दिन दहाड़े घर में घूस चोर ले उड़े जेवर व सामान

**अम्बिकापुर।** सरगवां मझलीपारा स्थित एक घर में दिन दहाड़े दाखिल होकर चोरों ने सोने चांदी के जेवर एवं सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सरगवां मझलीपारा निवासी विशाल विश्वास आ. कबीर विश्वास (28 वर्ष) ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रविवार को खेत में काम करने गया था जबकि मां इलाज कराने अस्पताल गई थी। शाम को पत्नी माया विश्वास घर में कुंडी लगाकर पड़ोस में कृष्ण जन्माष्टमी पूजा देखने गई थी। शाम 5 बजे घर आई तो देखा दरवाजा खुला व सामान बिखरे हुए थे। घर में चोरी होने की आशंका पर घटना की जानकारी पति को दी। जब पति घर आया और समान की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर के अलावा अन्य सामान गायब थे।

### पखवाड़े के भीतर कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करें: सीईओ

# कोरिया में तेज विकास के लिए आपसी संवाद आवश्यक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



आयोजित सामान्य सभा की बैठक

जिला पंचायत कोरिया की सामान्य सभा बैठक में अध्यक्ष मोहित राम पैकरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं एवं जनहित से जुड़े मुद्दे रखे। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों को पखवाड़े के भीतर कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष श्री पैकरा ने कहा कि जिले के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच सतत संवाद और समन्वय आवश्यक है। उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता के लिए हर गतिविधि में जनप्रतिनिधियों को शामिल करने पर बल दिया। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी योजना अथवा वितरण कार्यक्रम में संबंधित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें, ताकि जनता में सकारात्मक संदेश जाए। उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को योजना से संबंधित प्रत्येक गतिविधि में शामिल करने से योजनाओं का सही क्रियान्वयन किया जा सकता है, इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। इस लिए सभी विभाग प्रमुख अपने कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि को अवश्य शामिल करें। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, राजेश साहू, श्रीमती संगीता सोनवानी, सुरेश सिंह, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्रीमती सुषमा कोराम और श्रीमती स्नेहलता उदय, जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अध्यक्ष उदय सिंह, विधायक प्रतिनिधि राम प्रताप एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### किया धरना प्रदर्शन अस्पतालों में दिखी लम्बी कतार

# एनएचएम के संविदाकर्मियों की बेमियादी हड़ताल, प्रभावित हुईं स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नियमितीकरण, वेतन वृद्धि सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्य करने वाले संविदा स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये है। एनएचएम की इस हड़ताल में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ के साथ ही लैब टेक्नीशियन तक शामिल है। इस हड़ताल के साथ ही प्रदेश के साथ ही सरगुजा में भी शहरी, ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं ठप हो गई है। मौसमी बीमारियों के सीजन में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर जाने से मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सरगुजा के यूपीएचसी नवापारा में अस्पताल के बाहर मरीजों की लम्बी कतारें देखने को मिली जबकि अस्पताल में महज एक या दो नियमित चिकित्सक ही पदस्थ है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश के साथ ही सरगुजा संभाग में भी सैकड़ों की संख्या में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, मनोरोग विशेषज्ञा, फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य चिकित्सक संविदा के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है। नियमित चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी के कारण अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू रखने की एक बड़ी जिम्मेदारी इन एनएचएम के संविदाकर्मियों पर है।

एनएचएम में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी विगत 20-22 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे है और यही वजह है कि संविदाकर्मियों द्वारा वर्षों से दस सूत्रीय मांगों को लेकर समय समय पर ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन किए गए। हाल ही में अपनी मांगों को लेकर एनएचएम कर्मियों ने एक बार फिर ज्ञापन सौंपकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी लेकिन शासन से उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया। यही वजह है कि सोमवार से एनएचएम के संविदाकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। संविदाकर्मियों के हड़ताल पर जाने से पीएचसी, सीएचसी के साथ ही जिला अस्पतालों में चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों की कमी से व्यवस्थाएं पहले दिन ही चरमरा गई। इस दौरान संविदा कर्मियों ने संभाग मुख्यालय के एसबीआई कलेक्टोरेट ब्रांच के सामने धरना प्रदर्शन किया।


मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी पर्ची काउंटर में मरीजों की भीड़।

### इन मांगों को लेकर प्रदर्शन

एनएचएम के संविदा कर्मियों द्वारा संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, योग्यता एवं कार्य अनुभव के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू कर ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा के साथ ही सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का ध्यान करते हुए अस्पतालों में कार्यरत एचडब्ल्यूसी संगवारी की सेवा निरंतर करते हुए पद को आरओपी में स्वीकृति की मांग की गई है।



### अर्बन सीएचसी में दिखी लम्बी कतार

एनएचएम कर्मियों की बेमियादी हड़ताल के कारण पहले दिन ही जिलों में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई है। जिला अस्पताल से लेकर पीएचसी, सीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर चले गए है। इस हड़ताल का असर शहर के नवापारा स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देखने को मिला जहां अस्पताल के अंदर और बाहर मरीजों की लम्बी लम्बी कतार लगी हुई थी। इस अस्पताल में सिर्फ एक मनोरोग विशेषज्ञ और एक शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक ही नियमित है जबकि शेष अभी सुविधाएं संविदाकर्मियों के भरोसे है। इस अस्पताल में प्रतिदिन की ओपीडी वर्तमान में 450 से 500 के बीच जाती है ऐसे में इस हडताल के कारण अस्पताल आने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



### एसएनसीयू भी हुआ प्रभावित

इतना ही नहीं एनएचएम के कर्मचारी एसएनसीयू में भी तैनात है। पिछली बार के सांकेतिक हड़ताल में एनएचएम ने एसएनसीयू की सेवाएं जारी रखी थी लेकिन इस बार उन्होंने अपनी एसएनसीयू की सेवाएं भी बंद कर दी है जिससे बच्चों के एसएनसीयू में चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की कमी देखी गई।

# पटना में खदान संचालन विस्तार हेतु भूमि देने वाले तीन लोगों को मिला नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव खदान विस्तार के लिए ग्राम पटना में अधिग्रहित भूमि पर कोयला उत्खनन पर सहमति बनने उपरांत आज सोमवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा तीन भू विस्थापितों को नौकरी दिए जाने हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया,गौरतलब है कि ग्राम पटना में खदान विस्तार हेतु पिछले तीन चार माह से जारी जद्दोजहद, ग्रामीणों की नाराजगी और प्रदर्शन होने के बाद अब समझौते के तहत कोयला उत्पादन हेतु पिछले दिनों प्रबंधन से सहमति बन रही है। इसके पश्चात सोमवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम डॉ संजय सिंह द्वारा पटना गांव के खदान प्रभावित हेमंत कुमार सिंह मरावी पिता सत्यनारायण सिंह,गंगाराम पिता शंभू राम व सोनकेल बाई पिता बैदू राम को नौकरी प्रदान करने के सम्बन्ध में नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।ज्ञात हो कि यहां से कोयला उत्खनन करने एसईसीएल ने 285 खातेदारों की करीब 928 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है, इसके एवज में 464 लोगों को नौकरी दी जानी है,जिसमें करीब 117 लोगों को ही अब तक नौकरी दी गई थी,जिसमें आज तीन और लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है,करीब सौ प्रकरणों की कागजी कार्यवाही अब भी जारी है।भूमि अधिग्रहण की तिथि में 285 भू स्वामी थे जबकि मुआवजा तिथि को 358 भू स्वामी थे, जिनका मुआवजा 81 करोड़ रुपए निर्धारित हुआ,जिसमें करीब 303 भू स्वामियों को 71 करोड़ की मुआवजा राशि दी जा चुकी है



## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति



**बैकुंठपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सेजस महलपारा विद्यालय में कक्षा दूसरी के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय प्रबंधन की ओर से 19 अगस्त को उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ननि चिरमिरी के ...

मंत्री ने एफआईआर कराने की बात कही थी- क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रभावित इलाके का दौरा किया। उन्होंने हालात पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 15 दिनों के भीतर स्थिति पर नियंत्रण लाया जाए, अन्यथा एफआईआर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री की सख्ती के बाद रायपुर और अंबिकापुर से फूड एंड ड्रग विभाग की टीम चिरमिरी पहुंची। टीम ने प्रभावित परिवारों के घरों और पानी टंकी से सैंपल लिए। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इन सैंपलों की जांच रायपुर की माइक्रोबायोलॉजी लैब में कोल्ड चैन प्रोसेस से की जाएगी। जांच रिपोर्ट तीन दिनों के भीतर आने की संभावना है।

### ग्रामीण अंचल में ...

लेकर कवियों ने भी अपनी कविता में कांस के फूलों को लेकर रचनाएं लिखी है, यहां तक की रामायण में भी कांस के फूलों का उल्लेख किया गया है। कांस के फूल घास परिवार का वनस्पति है जो ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों के मेढ़ एवं नदियों के किनारे बहुतायात में इन दिनों उगता है। बारिश की गतिविधि जब कम होने लगती है तो तापमान और नमी का संतुलन सही होता है तो कांस के पौधे खिल उठते हैं और इसके सफेद रूई जैसे फूल हरियाली के बीच सुंदर नजारा प्रस्तुत करते हैं जो हर किसी की अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

### अविवादित नामांतरण ...

वर्ष 2025-26 में लगाए गए प्रत्येक फसल का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध सर्वेक्षण किया जाए। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार शीघ्र कार्य पूर्ण कराएं तथा सर्वेक्षणकर्ता की प्रविष्टियों का सत्यापन राजस्व निरीक्षक और प्रतिदिन पर्यवेक्षण पटवारी द्वारा सुनिश्चित हो। पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए ताकि पशुपालकों व आमजन इन गतिविधियों से अधिक से अधिक लाभ ले सकें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल सहित विभिन्न जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### भरतपुर एसडीएम ने ...

परिणामोन्मुख बनाने के लिए सुधारात्मक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना ही सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए प्रत्येक शिक्षक को अपनी भूमिका पूरी जिम्मेदारी से निभानी होगी। निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी मो. इस्माइल खान सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और उन्होंने अधिकारियों को विद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं चुनौतियों से अवगत कराया। अधिकारी द्वारा विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना की गई तथा बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आह्वान किया गया।

### राज्य पूर्व ...

योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, विधायक श्री राजवाड़े ने अवलोकन किया साथ ही उन्होंने इस प्रदर्शनी को सराहा। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण में छग की उपलब्धियों व इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, वहीं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, महलपारा की कक्षा बारहवीं की छात्रा उन्नति जायसवाल और कक्षा दसवीं के छात्र कुणाल दुबे ने विगत 25 बरस की छग यात्रा को धाराप्रवाह अंग्रेजी में जानकारी देकर सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य, जनपद व नगरीय निकाय प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।







